<u>निरीक्षण आख्या</u>

## <u>जनपद – ललितपुर</u>

## दिनांक– 11.07.2017 से 14.07.2017

**भ्रमणकर्ता टीम –**

1. डा0 अश्वनी कुमार, महाप्रबन्धक, आयुष।
2. डा0 हिमांशु आर्य तकनिकी परामर्शदाता, आयुष।
3. मोहम्मद फिरोज, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, आर0बी0एस0के0।

**टीकाकरण सत्रः– बुधैड़ी,**

- ए0एन0एम0 हृदेश कुमारी, आशा, विद्या देवी एवं आंगनवाड़ी विजय लक्ष्मीं टीकाकरण स्थल पर उपस्थित थी।
- सत्र आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित किया जा रहा था। बैठने हेतु कुर्सी–मेज इत्यादि की व्यवस्था नहीं थी। जमीन पर दरी बिछाकर कार्य सम्पादित किया जा रहा था।
- ए0एन0एम0 के पास सभी वैक्सिन उपलब्ध थे।
- ए0एन0एम0 के पास डिजीटल बी0पी0 मशीन, प्रगनेन्सी जॉच किट, आयरन की गोली उपलब्ध थी उसके पास MUAC टेप उपलब्ध था।
- आंगनवाड़ी द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में 17 बच्चें कुपोषित है जिन्हें एन0आर0सी0 में भेजे जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।
- आर0सी0एच0 रजिस्टर उपलब्ध नही था। जिसके लिये ए.एन.एम. ने अवगत कराया कि रजिस्टर में संख्या कम पड़ गयी है।
- एच0बी0 आंकलन हेतु टेलक्विस्ट शीट/पेपर उपलब्ध नही था।
- ओ0आर0एस0 एवं जिंक टैबलेट का वितरण आशा द्वारा किया जा रहा है।
- सत्र स्थल पर एम0सी0टी0एस0 आधारित/जनित वर्कप्लान उपलब्ध नहीं था।





**टीकाकरण सत्रः– रावत याना उपकेन्द्र– नगवासी,**

- ए0एन0एम0 रचना बाला,एवं आंगनवाड़ी माया देवी टीकाकरण स्थल पर उपस्थित थी। आशा, नर्मदा देवी क्षेत्र में बच्चों का बुलाने गयी थी।
- सत्र प्राथमिक विद्यालय रावतयाना, नागवासी स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित किया जा रहा था। बैठने हेतु कुर्सी–मेज इत्यादि की व्यवस्था नहीं थी। जमीन पर दरी बिछाकर कार्य सम्पादित किया जा रहा था।
- ए0एन0एम0 के पास सभी वैक्सिन उपलब्ध थे। डयू लिस्ट में 29 लाभार्थियों को टीकाकरण किया जाना था जिसमें 14 लाभार्थियों को टीकाकरण किया जा चुका था।

- ए0एन0एम0 के पास डिजीटल बी0पी0 मशीन, प्रगनेन्सी जॉच किट, आयरन की गोली उपलब्ध थी।
- आंगनवाड़ी द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में 12 बच्वें कुपोषित थे जिसमें एन0आर0सी0 में 4 बच्चे भर्ती है एवं दो वापस आ गये है।
- सत्र स्थल पर एम0सी0टी0एस0 आधारित/जनित वर्कप्लान उपलब्ध नहीं था।






<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जखौरा, ललितपुर।</u>

- प्रभारी चिकित्सक डा0 प्रदीप यादव उपस्थित थे।
- इकाई पर लगभग 150–160 प्रसव प्रतिमाह कराये जाते है।
- साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी एवं यथास्थान आई0ई0सी0 प्रदर्शित की गयी थी।
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी।
- प्रसव कक्ष में एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार प्रोटोकाल पोस्टर यथास्थान लगे हुये थे तथा आवश्यक ट्रे उपलब्ध थी।
- लेबर रुम में सेनेटरी नेपकिन पैड उपलब्ध नही थे, जबकि चिकित्सालय के स्टोर में सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध थे।
- पार्टोग्राफ नही भरा जा रहा था।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के के अन्तर्गत डाइट उपलब्ध करायी जा रही थी।
- माह अप्रैल से जून 2017 तक 350 प्रसव कराये जा चुके है जिसमें 320 लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है। आशा की कलस्टर मिटिंग रजिस्टर में मीटिंग मिनट विधिवत नही लिखे गये थे।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जनसंख्या पखवाडे का आयोजन किया जा रहा था जिसके अन्तर्गत परिवार कल्याण सम्बन्धि सुविधायें एवं परामर्श दिया जा रहा था।
- आर.बी.एस.के. टीम का भ्रमण कार्य संतोषजनक है। टीम ए0 द्वारा दिनांक 12.07.2017 को 120 बच्चों तथा टीम बी0 द्वारा 112 बच्चों का परीक्षण किया गया।
- टीम के पास सभी इक्यूपमेंन्ट उपलब्ध थे। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में तीन बच्चे सी0एच0डी0 के है जिसके लिये डी0ई0आई0सी0 मैनेजर से वार्ता कर उनका इलाज लखनऊ में किये जाने का सुझाव दिया गया।
- एन0आर0सी0 भ्रमण के दौरान 8 सैम बच्चे भर्ती थे। अधीक्षक ने अवगत कराया कि उनके यहां 6 बेड का एन0आर0सी0 है लेकिन उन्होंने 8 बेड का एन.आर.सी0 बनाया है क्योकि वहां लोड अधिक है। अभी 16 बच्चें वेटिंग में है।

- एन0आर0सी0 के रसोई घर में सामग्री को तौल करने वाली मशीन उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मेनस्ट्रीमिंग आफ आयुष के अन्तर्गत 01 आयुर्वेदिक संविदा आयुष चिकित्सक (आयुर्वेद) कार्यरत है तथा आयुर्वेद की औषधियां भी उपलब्ध थी।










<u>जिला महिला अस्पताल –ललितपुर</u>

- दिनांक 13.07.2017 को प्रातः 9:30 बजे जिला महिला चिकित्सालय में डा0 हरेन्द्र सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सालय में उपस्थित थे। टीम द्वारा डा0 डी0एस0 दोहरे (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी), श्रीमती रजिया फिरोज (डी0पी0एम0), क्वालिटी मैनेजर, डी0ई0आई0सी0 मैनेजर के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया गया।
- चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी। मशीनीकृत साफ–सफाई हेतु मशीनें उपलब्ध थी परन्तु उसका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा था जिस हेतु सम्बन्धित सुपरवाइजर को बुलाकर अनुबन्ध के अनुसार मशीनों द्वारा साफ सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा क्वालिटी मैनेजर एवं सी0एम0एस0 महोदय को साफ सफाई के नियमित पर्यवेक्षण का सुझाव दिया गया।
- वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था थी। सिटिजन चार्टर एवं प्रचार प्रसार सामग्री प्रदर्शित थी।
- काउन्सलिंग कक्ष में कु0 प्रतिभा पाण्डेय–काउन्सलर द्वारा काउन्सलिंग की सुविधा प्रदान की जा रही थी।
- चिकित्सालय में प्रतिमाह लगभग 500 से 530 प्रसव कराये जाते हैं।
- प्रसव कक्ष में एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार प्रोटोकाल पोस्टर यथास्थान लगे हुये थे तथा आवश्यक ट्रे उपलब्ध थी।

- सभी स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी।
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी एवं प्राइवेसी का ध्यान रखा गया था। स्टरलाइजेशन रजिस्टर बना हुआ था।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के के अन्तर्गत भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था।
- पी0एन0सी0 वार्ड में लाभार्थियों ने बताया कि नवजात शिशु को टीके लग गये है तथा स्तनपान की जानकारी दी गयी थी।
- एस0एन0सी0यू0 में 09 बच्चे भर्ती थे तथा एन0आर0सी0 में 11 बच्चें भर्ती थे।
















## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट –ललितपुर

- इकाई पर इंचार्ज चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश बाबू उपस्थित थे, उन्होनें अवगत कराया कि प्रतिमाह 180 से 200 प्रसव कराये जाते है।
- सिटिजन चार्टर एवं सुझाव पेटिका उपलब्ध थी।
- परिसर में साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी।
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी। खिडकियों पर पर्दे नही लगे थे जिसके लिये अधीक्षक ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले लेबर रुम सिफ्ट किया गया है। जिसके लिये उन्होनें शीध्र पर्दे एवं आई.ई.सी लगा दिये जाने आश्वासन दिया गया ।
- प्रसव कक्ष में डिजिटल घड़ी लगाने को सुझाव दिया गया।
- लेबर रुम में सेनेटरी नेपकिन पैड उपलब्ध नही थे, जबकि चिकित्सालय के स्टोर में सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध थे।
- प्रसव कक्ष में एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार प्रोटोकाल पोस्टर यथास्थान लगे हुये थे तथा आवश्यक 7 ट्रे उपलब्ध थी। ट्रे पर लेबलिग हुई थी।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत डाइट उपलब्ध कराया जा रहा था।
- पी0एन0सी0 वार्ड के शौचालय में गंदगी पायी गयी। वॉस वैशिन टैप टूटा हुआ था जिसके लिये अधीक्षक को शौचालय में सफाई रखने तथा टैप लगाने का सुझाव दिया गया।

- एन0आर0सी0 में 4 बच्चें भर्ती थे। टीम द्वारा एन0आर0सी0 में भर्ती बच्चों की स्थिति संबंधी एक डिस्प्ले चार्ट बनाने तथा एन0आर0सी0 के रसोई घर में सामग्री को तौल करने वाली मशीन उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जनसंख्या पखवाडे का आयोजन किया जा रहा था जिसके अन्तर्गत परिवार कल्याण सम्बन्धि सुविधायें एवं परामर्श दिया जा रहा था। Social Marketing हेतु आशा को दिये जाने वाला निरोध डब्लू0पी0डी0 के कान्ट्रासेप्टिव कार्नर से वितरित किये जा रहे थे।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मेनस्ट्रीमिंग आफ आयुष के अन्तर्गत 01 आयुर्वेदिक संविदा आयुष चिकित्सक (आयुर्वेद) कार्यरत है तथा आयुर्वेद की औषधियां भी उपलब्ध थी।




मिशन निदेशक महोदय के निर्देशों के अनुपालन में जनपद–ललितपुर में जनपद मुख्यालय पर मुख्य चिकित्साधिकारी के सभा कक्ष में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक के साथ टीम लीडर डा0 अश्विनी कुमार (महाप्रबन्धक–आयुष), डा0 हिमांशु आर्य, (सलाहकार–आयुष) तथा श्री मुहम्मद फिरोज (कार्यक्रम समन्वयक–आर0बी0एस0के0) ने राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्त शंकाओं का समाधान भी किया गया।

(डा0 अश्विनी कुमार)
महाप्रबन्धक–आयुष

(डा0 हिमांशु आर्य)
सलाहकार–आयुष

(मुहम्मद फिरोज )
कार्यक्रम समन्वयक–आर0बी0एस0के0